यथा 11.05.2026

बीईएल की ओर से या उसकी सूचना के प्रयोजनार्थ गठित बोर्ड, परिषद, समितियाँ और अन्य निकाय जिनमें दो या दो से अधिक व्यक्ति शामिल हैं, के विवरण तथा क्या ऐसे बोर्ड, परिषदों, समितियों तथा अन्य निकायों की बैठकों में आम लोग भाग ले सकते हैं अथवा ऐसी बैठकों के कार्यवृत्त उन्हें प्राप्त होते हैं।

निदेशक मंडल और स मतियाँ

अवधि और कार्यकाल

निदेशक मंडल तथा सांविधिक समितियों की अवधि और कार्यकाल लागू संविधि/नियमों के अनुसार तथा निदेशकों (आंतरिक एवं बाहरी निदेशक) की नियुक्ति के कार्यकाल के आधार पर तय होते हैं।

शक्तियाँ और कार्य

निदेशक मंडल तथा सांविधिक समितियों की शक्तियाँ और कार्य लागू संविधि/नियमों के अनुसार होते हैं।

बीईएल के मंडल, समितियों तथा अन्य निकायों की बैठकों में सांविधिक विनियमों के अनुसार आम लोग भाग नहीं लेते हैं।

ऐसी बैठकों के कार्यवृत्त आम लोगों के लिए उपलब्ध नहीं होते हैं क्योंकि बीईएल रणनीतिक रक्षा संस्थापना है।

मंडल और उसकी समितियों की बैठकें विभिन्न प्रस्तावों को अनुमोदित करने और विभिन्न क्षेत्रों में कंपनी के कार्य-निष्पादन की समीक्षा और निगरानी करने के लिए आवधिक रूप से आयोजित होती हैं। ये समितियाँ सतत् विकास, विविधीकरण और कंपनी की भावी योजनाएँ तय करने के लिए मार्गदर्शन और दिशा-निर्देश देती हैं।